http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2014
# पुस्तपालन एवं लेखाकर्म (बहीखाता)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्न का एक वाक्य/एक शब्द में उत्तर दीजिए :** 5 × 1 = 5

(i) प्रेषण स्कन्ध निलम्बित खाता कब खोला जाता है ?

(ii) पूँजी खाता, जिसका अन्तिम शेष प्रति वर्ष बदलता रहता है, उसे क्या कहते हैं ?

(iii) सामान्य लाभ क्या है ?

(iv) पुराने और नये अनुपात का अन्तर है।

(v) समय के समाप्त हो जाने पर साझेदारी का विघटन कहलाता है।

**उत्तर**—**(i)** जब माल बीजक मूल्य पर भेजा जाता है, **(ii)** परिवर्तनशील पूँजी खाता, **(iii)** फर्म में विनियोजित पूँजी पर एक सामान्य दर से निकाला गया लाभ, सामान्य लाभ है, **(iv)** त्याग अनुपात, **(v)** संयोग द्वारा समापन।

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाइए :** 5 × 1 = 5

| | |
|---|---|
| (i) गोदाम किराया | (a) तृतीय पक्ष |
| (ii) संचिति की राशि का भाग | (b) शोध्य ऋणपत्र |
| (iii) विघटन के पश्चात् प्रथम भुगतान | (c) मृत साझेदार का उत्तराधिकारी |
| (iv) ऋणपत्रों पर प्रीमियम | (d) प्रेषण स्कन्ध में सम्मिलित नहीं |
| (v) एक निश्चित अवधि के बाद भुगतान | (e) पूँजीगत लाभ |

**उत्तर**—**(i)** → (d), **(ii)** → (c), **(iii)** → (a), **(iv)** → (e), **(v)** → (b).

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :** 5 × 1 = 5

**(i) बीजक मूल्य ₹ 19,200 का माल, जो लागत से 20% अधिक है, प्रेषण पर भेजा। माल का लागत मूल्य होगा :**

(अ) ₹ 15,360 (ब) ₹ 16,000 (स) ₹ 16,200 (द) ₹ 18,500.

**(ii) आहरण पर ब्याज है :**

(अ) फर्म की हानि (ब) साझेदारों की आय

(स) फर्म की आय (द) इनमें से कोई नहीं।

**(iii) 'अ' और 'ब' 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। वे 'स' को 1/4 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश देते हैं। उनके लाभ-विभाजन का अनुपात होगा :**

(अ) 10 : 2 : 4 (ब) 9 : 3 : 4 (स) 8 : 3 : 5 (द) 8 : 5 : 3.

**(iv) फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष खाते को हस्तान्तरित किया जाता है :**

(अ) रोकड़ खाते में (ब) वसूली खाते में

(स) पूँजी खाते में (द) पुनर्मूल्यांकन खाते में।

**(v) ऋणपत्रों पर ब्याज के भुगतान की अवधि है :**

(अ) तीन माह (ब) छः माह

(स) एक वर्ष (द) किसी भी समय।

**उत्तर**—**(i)** (ब), **(ii)** (स), **(iii)** (ब), **(iv)** (ब), **(v)** (ब)।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :** **5 × 1 = 5**

(i) प्रेषण व्यवहार में विक्रय विवरण .............. द्वारा तैयार किया जाता है।

(ii) साझेदारी फर्म का पंजीयन .............. है।

(iii) ख्याति एक .............. सम्पत्ति है।

(iv) पुनर्मूल्यांकन खाता .............. का खाता है।

(v) जिन ऋणपत्रों को अंशों में परिवर्तित किया जा सकता है, उन्हें ........ ऋणपत्र कहते हैं।

**उत्तर**—(i) प्रेषिती, (ii) ऐच्छिक, (iii) स्थायी एवं अमूर्त, (iv) नाममात्र, (v) परिवर्तनशील।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में सत्य या असत्य बताइए :** **5 × 1 = 5**

(i) प्रेषणी को प्रेषण लाभ पर कमीशन दिया जाता है।

(ii) साझेदारों के सहमत होने पर ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है।

(iii) नये साझेदार द्वारा ख्याति प्रब्याजि देने पर उसे पुराने साझेदारों के पूँजी खातों में उनके त्याग के अनुपात में स्थानान्तरित किया जाता है।

(iv) फर्म के विघटन पर अलिखित सम्पत्ति से प्राप्त रकम वसूली खाते में दर्शायी जाती है।

(v) ऋणपत्र अल्पकालीन ऋण की प्रकृति के होते हैं।

**उत्तर**—(i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य।

**प्रश्न 6.** ऋणपत्रधारी की वैधानिक स्थिति बताइए। **2**

***अथवा***

ऋणपत्रों का निर्गमन कब किया जा सकता है ?

**प्रश्न 7.** वित्तीय विश्लेषण के दो प्रकारों के नाम बताइए। **2**

***अथवा***

वित्तीय विश्लेषण के उपकरणों के नाम बताइए। (कोई दो)।

**प्रश्न 8.** सुनील इण्डस्ट्रीज का तरल अनुपात 2 : 1 है। यदि स्टॉक ₹ 20,000 और कुल चालू दायित्व ₹ 50,000 के हैं तो चालू अनुपात बताइए। **2**

***अथवा***

बेचे गये माल की लागत किस प्रकार ज्ञात करते हैं ?

**प्रश्न 9.** शीघ्र सम्पत्ति क्या है ? **2**

***अथवा***

संचालन व्यय के नाम बताइए। (कोई चार)

**प्रश्न 10.** व्यवसाय में कोष प्राप्ति के चार स्रोतों के नाम बताइए। **2**

***अथवा***

गैर-रोकड़ मदें क्या हैं ?

**प्रश्न 11.** जय, विजय और संजय एक फर्म में साझेदार हैं, जो 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं। उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 28,800, ₹ 19,200 तथा ₹ 14,400 है। साझेदारों को पूँजी पर 5% वार्षिक ब्याज दिया जाता है। संजय को ₹ 7,200 वार्षिक वेतन मिलता है तथा विजय को सकल विक्रय पर 3% कमीशन मिलता है। फर्म का लाभ ₹ 27,600 है। सकल विक्रय ₹ 3,36,000 है। उनके आहरणों पर ब्याज क्रमश: ₹ 192, ₹ 240, तथा ₹ 288 था। लाभ-हानि वितरण खाता बनाइए। **4**

***अथवा***

साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले नियम बताइए। (कोई चार)

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 12. एक कम्पनी ने ₹ 100 वाले 15,000 समता अंश जनता में निर्गमित किये। सम्पूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गयी। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

*अथवा*

पूर्वाधिकार अंशों की विशेषताएँ बताइए। (कोई चार)

प्रश्न 13. ऋणपत्रों का निर्गमन करने का क्या उद्देश्य है ? 4

*अथवा*

ऋणपत्रों के शोधन के समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?

प्रश्न 14. एक्स लिमिटेड ने एक व्यवसाय ₹ 4,40,000 में क्रय किया। क्रय मूल्य का भुगतान 6% ऋणपत्रों द्वारा किया गया और इस हेतु ₹ 4,00,000 के ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये गये। एक्स लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल के लेखे कीजिए। 4

*अथवा*

ऋणपत्रों के प्रकार बताइए। (कोई चार)

प्रश्न 15. निम्न सूचनाओं से एक तुलनात्मक आय-विवरण तैयार कीजिए : 4

| विवरण | 2007 ₹ | 2008 ₹ |
|---|---|---|
| विक्रय | 8,00,000 | 12,80,000 |
| उपभोग की गई सामग्री | 4,00,000 | 6,44,000 |
| व्यय | 2,20,000 | 3,30,000 |
| आयकर | 60,000 | 1,02,000 |
| लाभ | 1,20,000 | 2,04,000 |

*अथवा*

चालू अनुपात और तरल अनुपात में अन्तर बताइए।

प्रश्न 16. रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के उपयोग क्या हैं ? (कोई चार) 4

*अथवा*

निम्नलिखित शेषों से संचालन से प्राप्त रोकड़ की गणना कीजिए :

| विवरण | मार्च 2006 ₹ | मार्च 2005 ₹ |
|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता | 46,000 | 56,000 |
| देनदार | 20,000 | 30,000 |
| अदत्त किराया | 11,000 | 18,000 |
| ख्याति | 30,000 | 26,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 6,000 | 3,000 |
| लेनदार | 15,000 | 22,000 |

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 17.** रोकड़ बहाव विवरण तथा रोकड़ बजट में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) **4**

*अथवा*

रोकड़ प्रवाह विवरण की सीमाएँ बताइए। (कोई चार)।

**प्रश्न 18.** एक्स ₹ 6,000 के मूल्य का प्रेषण Y को भेजता है और उस पर ₹ 4,500 का एक विपत्र अग्रिम राशि के लिए लिखता है। X रेल किराया और बीमा आदि के ₹ 500 अदा करता है। Y ₹ 300 चुंगी-कर आदि देकर माल छुड़ा लेता है। वह आधा माल ₹ 4,500 में उधार बेचता है और शेष का आधा ₹ 2,200 में नकद बेच देता है। Y कुल बिक्री पर 5% और उधार बिक्री पर 2% आश्वासनार्थ पारिश्रमिक पाने का अधिकारी है। Y, X को विक्रय-विवरण और शेष राशि का चेक भेजता है। X की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइए। **5**

*अथवा*

परिशोध कमीशन एवं अधिभावी कमीशन में अन्तर बताइए। (कोई पाँच)

**प्रश्न 19.** ख्याति की उत्पत्ति के कारण बताइए। (कोई पाँच) **5**

*अथवा*

एक फर्म ने ₹ 20,000, ₹ 6,000, ₹ 12,000, ₹ 8,000 लाभ गत चार वर्षों में क्रमश: अर्जित किया। फर्म में ₹ 50,000 की पूँजी विनियोजित है। इस विनियोग पर 15% प्रतिवर्ष की दर से आय अपेक्षित है। ख्याति की गणना 3 वर्षों के क्रय के आधार पर अधिलाभ विधि द्वारा ज्ञात कीजिए।

**प्रश्न 20.** साझेदार रजत 31 मार्च, 2004 को फर्म से निवृत्त हो गया। उस दिन उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 20,000 था। यह व्यवस्था की गयी कि इसका भुगतान ₹ 5,000 की वार्षिक किश्तों में किया जायेगा। अदत्त राशि पर 5% ब्याज लगाया जाय। पहली किश्त 31 मार्च, 2005 को दी गई थी और आगामी भुगतान प्रतिवर्ष 31 मार्च को किये गये। फर्म की पुस्तकों में रजत का ऋण खाता दर्शाइए। **5**

*अथवा*

अजय और बल्देव एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। 31 दिसम्बर, 2007 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित है :

| दायित्व | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| बैंक अधिविकर्ष | 5,000 | रोकड़ | 10,000 |
| देय विपत्र | 7,000 | देनदार | 20,000 |
| लेनदार | 8,000 | स्टॉक | 10,000 |
| पूँजी : | | उपस्कर | 10,000 |
| अजय | 20,000 | | |
| बल्देव | 10,000 | | |
| | 50,000 | | 50,000 |

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

उन्होंने चेतन को 1/4 भाग के लिये नया साझेदार बनाया। वह ₹ 8,000 पूँजी के एवं ₹ 6,000 ख्याति के लिए नकद लाया। फर्नीचर का मूल्य ₹ 16,000 और स्टॉक का मूल्य ₹ 8,000 आँका गया। लेनदारों पर 10% कटौती हेतु संचय किया गया। पुनर्मूल्यांकन खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

**प्रश्न 21.** किन परिस्थितियों में एक कम्पनी अपने अंशों को जब्त कर सकती है ? 5

*अथवा*

समता अंश और पूर्वाधिकार अंशों में अन्तर बताइए। (कोई पाँच)

**प्रश्न 22.** निम्नलिखित मदों को कम्पनी के स्थिति–विवरण में किन शीर्षकों के अन्तर्गत लिखा जाता है ? 5

(i) ख्याति,
(ii) अयाचित लाभांश,
(iii) कर के लिये आयोजन,
(iv) प्रतिभूति प्रीमियम खाता,
(v) छोटे औजार।

*अथवा*

एक कम्पनी के स्थिति-विवरण में आप निम्न मदों को किस प्रकार दिखायेंगे ?

(i) अदत्त याचनाएँ,
(ii) अग्रिम याचनाएँ,
(iii) जब्त अंश,
(iv) ऋणपत्र शोधन कोष,
(v) आकस्मिक दायित्व।

**प्रश्न 23.** वसूली खाता और पुनर्मूल्यांकन खाते में अन्तर बताइए। (कोई छः) 6

*अथवा*

'अ' और 'ब' ने 31 दिसम्बर, 2007 को अपने व्यवसाय के समापन का निर्णय लिया। उस तिथि को उनका चिट्ठा निम्न था :

| दायित्व | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 12,000 | रोकड़ | 2,000 |
| A का ऋण खाता | 16,000 | देनदार | 10,000 |
| पूँजी खाते : | | स्कन्ध | 40,000 |
| 'अ' : 40,000 | | प्लाण्ट | 20,000 |
| 'ब' : 20,000 | 60,000 | फिक्सचर्स | 8,000 |
| | | ख्याति | 8,000 |
| | 88,000 | | 88,000 |

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

साझेदार पूँजी के अनुपात में लाभ-हानि विभाजन करते हैं। विविध देनदारों से ₹ 7,400 वसूल हुए, स्कन्ध से ₹ 37,000, प्लाण्ट एवं फिक्सचर्स से उनके पुस्तकीय मूल्य का 80% और ख्याति से ₹ 12,000 वसूल हुए। लेनदारों को 5% कटौती पर भुगतान किया और समापन की लागत ₹ 1,200 हुई। वसूली खाता और साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

**प्रश्न 24.** टीना लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 5,000 समता अंश 10% बट्टे पर निर्गमित किये। राशि इस प्रकार देय थी— आवेदन पर ₹ 20 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 30 प्रति अंश तथा शेष प्रथम एवं अन्तिम याचना पर। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के लेखे कीजिए। 6

*अथवा*

एक कम्पनी ने ₹ 10 वाले 2,000 अंश इस प्रकार निर्गमित किये : आवेदन पर ₹ 3 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 3 प्रति अंश तथा याचना पर ₹ 4 प्रति अंश। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं, किन्तु 300 अंशों के एक धारी ने याचना राशि नहीं चुकाई। अत: संचालकों ने उसके अंश जब्त कर लिये तथा इन अंशों को ₹ 2,800 में नकद बेच दिया गया। कम्पनी की पुस्तकों में अंश हरण, पुनर्निर्गमन एवं हस्तान्तरण के जर्नल के लेखे कीजिए।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com